हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

NEWS

dku live &
dkunews24

वर्ष : 04 अंक–149 : जौनपुर, सोमवार 01 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी ने स्कूल छात्रों को दिया 1200 रुपये का तोहफा : करोड़ों को मिलेगा लाभ

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार बटन दबाकर 1. 91 करोड़ विद्यार्थियों के लिए उनके अभिभावकों के खाते में जूता मोजा, स्कूल यूनिफॉर्म, स्वेटर, स्कूल बैग, पेन, पेंसिल, कॉपी, रबर व कटर के लिए 1200 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सर्वोच्च स्वच्छता वाले विद्यालय के प्रधानाध्यापकों और ग्राम प्रधानों को स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में कायाकल्प दिव्यांजली पोर्टल का भी अनावरण किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 1.91 करोड़ परिषदीय स्कूलों के बच्चों को डीबीटी से पैसा ट्रांसफर कर बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का अभियान शुरू हुआ। स्कूल चलो अभियान के अच्छे परिणाम आये हैं। अभियान की सफलता से 1.91 करोड़ नामांकन हुआ है। कोरोना के कारण हमारा जनजीवन प्रभावित हुआ है। कोरोना से हमारी बेसिक शिक्षा भी सबसे अधिक प्रभावित हुई है। इस दौरान सरकार ने प्रयास कर ऑनलाइन और दूरदर्शन के जरिये शिक्षा की व्यवस्था की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 से पहले स्कूलों की स्थिति अच्छी नहीं थी। स्कूलों में कहीं शिक्षक थे तो छात्र नहीं थे। कहीं भवन नही थे। स्कूल में बिल्डिंग में बड़े बड़े पेड़ थे, स्कूल भवन पार्क लगता था। अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेजना चाहते थे लेकिन अब बेसिक शिक्षा को विश्वास का प्रतीक बनाया गया



है। पांच साल में विद्यार्थियों की संख्या 1.34 करोड़ से बढ़कर 1.91 करोड़ हो गई है। पहले 60 फीसदी विद्यार्थियों को नंगे पैर स्कूल जाना पड़ता था पर अब वो बच्चे भी कॉन्वेंट स्कूल की तर्ज पर स्थापित परिषदीय स्कूल में जा रहे है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर बड़ी जिम्मेदारी है। बच्चों का माता–पिता के बाद सबसे अधिक संवाद शिक्षक से ही होता है। बच्चों की बेसिक शिक्षा की जिम्मेदारी के वाहक शिक्षक हैं। आज का समय तकनीक का समय है। तकनीक के साथ भावनात्मक जुड़ाव रखना होगा। तकनीक से परहेज नहीं करना है। तकनीक बच्चे के आगे बढ़ने का रास्ता प्रशस्त करेगी लेकिन संवेदना बच्चे को राष्ट्र से जुड़ने की प्रेरणा देगी।

## नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कार्यक्रम समारोह का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को सत्र 2022–23 हेतु निरूशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर श्री सीलम सई तेजा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल द्वारा कम्पोजिट विद्यालय रास मंडल नगर क्षेत्र जौनपुर के छात्रों को पाठ्य पुस्तक वितरण अपने हाथों से एक एक बच्चे को वितरित किया गया उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने छात्रों को अच्छी पढ़ाई कर अपने समय का सदुपयोग कर अपने सपनों एवं अपने माता–पिता के सपनों को सभी बच्चे पूरा कर सकते हैं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी छात्रों को पूरे मनोयोग से शिक्षा प्राप्त कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम में आयोजन मैं श्री अरुण कुमार मौर्य



जिला समन्वयक एमडीएम श्री शशिधर उपाध्याय रिसोर्स टीचर समेकित शिक्षा श्रीमती सीरी बानो प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विद्यालय रास मंडल श्री अखिलेश कुमार यादव ए आर पी धर्मापुर इंद्रजीत चौधरी रवि माली पंकज मौर्या द्वारा विशेष योगदान दिया गया कार्यक्रम का संचालन श्री उमेश चंद्र ए आर पी धर्मापुर द्वारा किया गया

## बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा प्राथमिक विद्यालय लोहता

शाहगंज/जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : विकासखंड करंजाकला क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय लोहता की जर्जर दीवार होने से अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजने पर मजबूर विद्यालय की दीवार जर्जर होने पर कभी भी बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शशि किरण यादव ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी को शिकायत की गई अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुईं और विद्यालय के जर्जर भवन में से सारा सामान निकाल लिया गया है और उसमें ताला का दाग लगा दिया गया कि कोई बच्चा अंदर ना जा सके कोई बड़ी घटना



ना घट सके वही ग्रामीण अभिभावको ने अपने बच्चों को विद्यालय भेजने पर डरते हैं कभी बड़ा हादसा हो सकता है तो कौन जिम्मेदार होगा वही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शशि किरण यादव ने बताया कि विद्यालय में पुरानी बुके देखकर बच्चों को पठन–पाठन कराया जा रहा है अभी तक नई बुके नहीं आई है। खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार यादव ने बताया कि उस पर जांच हुई है और रिपोर्ट जिले पर भेज दी गई है इंजीनियर द्वारा जांच कराकर ध्वस्त कराया जाएगा

## हौसला बुलंद चोर सप्ताह में दो मोबाइल छीन कर हुए फरार

शाहगंज/जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : थाना सराय ख्वाजा क्षेत्र की रविवार की रात 9रू00 बजे धौरइल गांव से 500 मीटर दूर पाही से मोबाइल से बात करते हुए पैदल घर खाना खाने के लिए घर जा रहे थे तभी इटौरी नहर से आ रहे बाइक सवारों ने अचानक उनके पास बाइक रोक दी मोबाइल छीन कर क्यार की तरफ फरार हो गए सूचना मिलने पर परिजनों ने मौके पर पहुंचकर काफी छानबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिला। जानकारी के अनुसार धौरइल गांव निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य वीरेंद्र सिंह उर्फ (वीरन) वह अपने घर से 500 मीटर दूर पाही पर रहते हैं हर रोज की तरह रविवार रात 9रू00 बजे वह अपने पाही से घर पैदल खाना खाने के लिए मोबाइल से बात करते हुए घर जा रहे थे तभी इटौरी की तरफ से बाइक सवार ने उनके पास पहुंचकर बाइक रोककर मोबाइल छीन कर क्यार की तरह फरार हो गए वही सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच कर काफी खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली इसके 1 सप्ताह पूर्व भी इसी गांव निवासी आनंद कुमार गुप्ता इटौरी से दुकान बन्द करके घर जा रहे थे कि रास्ते में हडही मोड़ के पास बाइक सवार ने मोबाइल छीन कर फरार हो गए थे चोरों के आतंक से क्षेत्र में दहशत का माहौल पुलिस प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है

## मुंशी प्रेमचंद ने लिखा था ऊंची से ऊंची तालीम सबके लिए मुफ्त होनी चाहिए –विश्व प्रकाश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संगत पंगत के संस्थापक व भाजपा के संस्थापक सदस्य आर के सिन्हा जी पूर्व सांसद के आह्वान पर आज सामाजिक संगठन संगत पंगत जौनपुर द्वारा कायस्थ गौरव आधुनिक हिंदी साहित्य के सबसे बड़े हस्ताक्षर कथा सम्राट के नाम से प्रसिद्ध कायस्थ कुलगौरव श्री धनपत राय श्रीवास्तव उर्फ मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती संगत पंगत के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार के आवास पर सम्पन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने किया संचालन जिला महामंत्री सुलभ श्रीवास्तव ने किया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्पंजली अर्पित कर भावभीनी श्रंद्धाजलि दिया गया। संगत पंगत के प्रदेश सहसंयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया ने कहा की वाराणसी जिले के लमही गांव में जन्मे मुंशी प्रेमचंद जी देश के शान थे उन्होंने हिंदी को बढ़ावा देते हुए पूरे देश मे हिंदी का विस्तार किया।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद ने अपने कर्मभूमि उपन्यास के माध्यम से कहा था कि, मैं चाहता हूं कि, ऊंची से ऊंची तालीम सबके लिए मुफ्त हो, ताकि गरीब से गरीब आदमी भी ऊंची से ऊंची लियाकत हासिल कर सके और ऊंचे से ऊंचा ओहदा पा सके। मैं यूनिवर्सिटी के दरवाजे सबके लिए खुले रखना चाहता हूं। सारा



खर्च गवर्नमेंट पर पड़ना चाहिए। मुल्क को तालीम की उससे कहीं ज्यादा जरूरत है जितनी फौज की।जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद चाहते थे कि आजाद भारत में निशुल्क, जनवादी, वैज्ञानिक व धर्म निरपेक्ष शिक्षा पद्धति लागू हो। लेकिन आजादी के 75 वर्षों में भी उनका सपना पूरा नहीं हो सका। विपरीत इसके विभिन्न सरकारों द्वारा लगातार शिक्षा विरोधी नीतियां लागू की जा रही हैं।इस अवसर पर शरद श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव आतिश श्रीवास्तव बाकी अनुपम श्रीवास्तव अनिल श्रीवास्तव महिला जिलाध्यक्ष डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव महिला जिला महामंत्री प्रियंका श्रीवास्तव, अनीश श्रीवास्तव अंकित श्रीवास्तव पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट अर्पित श्रीवास्त विजय श्रीवास्तव आतिश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

## रोस्टर पखवारा में भी गांव में नहीं हुई सफाई : सफाईकर्मी की लापरवाही से गन्दगी का अम्बार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : विकास खंड बेलघाट ब्लॉक के ग्राम सभा मकरहां व अनेक गांवों में सफाई के नाम पर केवल खाना पुर्ती कर के अधिकारियों के आदेशों पर पानी फेरने जैसा काम किया है। आगे बताते चलें साफ सफाई पखवारा के रूप में एक महिने का यह पखवारा ब्लॉक के सभी गांवों में रोस्टर के अनुसार टीम गठित कर के साफ सफाई कि जाती है। वर्षात के महिने में गली मोहल्ले में साफ सफाई से बीमारियों से मिलती हैं निजात। ग्राम सभा मकरहां में 26 जुलाई को रोस्टर का नम्बर था। लेकिन सफाई कर्मी पहले दिन कुछ लोग आएं तो थे लेकिन पूर्व माध्यमिक विद्यालय मकरहां में फोटो घिचा कर खानापूर्ति से सफाई अभियान को पूर्ण कर लेते हैं। कहीं न कहीं सम्बंधित विभाग के अधिकारियों कि लापरवाही से ऐसी बेपरवाह कर्मचारी अपनी ड्यूटी के साथ कर रहे खेलवाड। संबंधित विभाग के एडीओ पंचायत बेलघाट से



जब बात की गई मामले की जांच करा कर के ऐसे कर्मचारियों पर कार्रवाई का दिया आश्वासन।

## धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हमारी धर्म संस्कृति को जीवंत करने का अवसर मिलता – डॉ अंजना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर रविवार को आस्था और उल्लास के साथ हरियाली तीज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। 16 श्रृंगार कर हरे रंग के परिधान में महिलाओं ने गीत नृत्य के साथ झूले का लुत्फ लिया। हरियाली तीज के इस मौके पर महिलाओं ने एक दूसरे को पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी का एहसास भी कराया। राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी की मातृ शक्तियों ने हरियाली तीज के कार्यक्रम में अपने सनातन धर्म एवं संस्कृति का संदेश देते हुए और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं संरक्षण के उद्देश्य के साथ कजरी और भक्ति गीतों के माध्यम से संदेश देना का प्रयास किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अंजना सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हमारी धर्म संस्कृति को जीवंत करने का अवसर मिलता है और हम सभी को चाहिए कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करके अपने सत्य सनातन ध र्म को जागृत और पुनर्जीवित करें क्योंकि हमारी धर्म संस्कृति और सभ्यता सबसे निराली है इसी बीच हरियाली के बीच कार्यक्रम का आयोजन करने का एक उद्देश्य भी उन्होंने बताया कि हमें अपने पर्यावरण के प्रति भी जागरूक होने की आवश्यकता है जिससे कि ऑक्सीजन का स्रोत बना रहे



और पर्यावरण हरा भरा हमारा रहे वृक्ष लगाएं और वातावरण को शुद्ध रखेंइस अवसर पर संगठन की सभी महिलाएं उपस्थित रहे। जिनमें प्रियंका खुशबू श्रीवास्तव श्रीमती पूजा श्रीवास्तव ,अनीता सिंह उषा सिंह माधुरी सिंह सुमन सिंह अर्चना श्रीवास्तव अनीता त्रिपाठी सरला त्रिपाठी रजनी सोनू सीमा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## संस्था द्वारा किया जायेगा तिरंगा का नि:शुल्क वितरण –दिवाकर सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता के 75वे वर्ष को अमृत महोत्सव मानने के संकल्प के रूप में औषधि निरीक्षक चंद्रेश द्विवेदी ने संस्था के कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों की सभा को सम्बोधित किए।सभा की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष सकील अहमद ने



किया।प्रदेश अध्यक्ष श्री दिवाकर सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए भारत सरकार के कार्यक्रम के बारे बताया और हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने को कहा,औषधि निरीक्षक ने उपस्थित सदस्यों से कहा कि अपनी दुकान और घर पर तिरंगा अवश्य लगाए और लोगो को प्रेरित करे हमसे जो सहयोग होगा करेंगे लेकिन कार्यक्रम को सफल बनाएं। दिवाकर सिंह ने कहा कि इस पर शीघ्र ही एक सभा करेंगे जिसमे जिले के सभी सदस्य होंगे।दिवाकर सिंह ने कहा कि संस्था द्वारा झंडे का नि:शुल्क वितरण होगा जिस पर सभा ने करतल स्वागत किया।उपाध्यक्ष कमल कुमार ने प्रस्ताव रखा कि पूरे कार्यक्रम के प्रचार के लिए संस्था की तरफ से होर्डिंग लगाया जाय जिसे सभा ने अनुमोदन किया।।

## संगठित व्यापारी ही है व्यापार मंडल की ताकत –राधेरमण जायसवाल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर नगर उद्योग व्यापार मंडल की विशिष्ट कोर कमेटी की एक आवश्यक बैठक नगर के कैंप कार्यालय पर नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के अध्यक्षता में आहूत हुई जिसमें नगर कमेटी का विस्तार किया गया उपाध्यक्ष पद पर राम जी अग्रहरि,शाहिद मंसूरी, अमर जौहरी और अनिल कुमार साहू तथा मंत्री पद के लिए शम्मी गुप्ता एवं संदीप जायसवाल को जिम्मेदारी दी गई !



मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन ने सभी पदाधिकारियों के नाम की घोषणा करते हुए सभी का माल्यार्पण किया अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज नगर के विस्तार में जिन पदाधिकारियों ने जिम्मेदारी ली है सभी लोग शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई हैं इनके आने से व्यापार मंडल को नई ताकत मिलेगी और संगठित व्यापारी ही व्यापार मंडल की ताकत है! प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी और प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दिया और सभी से अपेक्षा किया की आपके आने से व्यापार मंडल के उद्देश्य की पूर्ति में एक नया आयाम स्थापित होगा, प्रदेश युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता और प्रदेश युवा संगठन मंत्रीध्युवा जिला अध्यक्ष संतोष अग्रहरी ने संयुक्त रुप से बैठक को संबोधित करते हुए व्यापारियों को एकजुट रहने की नसीहत दिया तथा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। बैठक में जिला महामंत्री रामकुमार साहू नगर महामंत्री मुन्ना लाल अग्रहरी एवं मनोज कुमार साहू, नगर उपाध्यक्ष रंजीत सिंह सोनू, नगर कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा, संदीप पांडे,बनवारी लाल साहू,राकेश जायसवाल,यशवंत साहू, संतोष साहू, डीके अग्रहरि आदि उपस्थित रहे संचालन कोषाध्यक्ष अनिल वर्मा तथा आभार महामंत्री मनोज कुमार साहू ने व्यक्त किया!



–सुविचार–

**सारी आवश्यकताओं और आकांक्षाओं का मूल कारण ही है आध्यात्मिक इच्छा का अपूर्ण होना।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# एक ओर बातचीत : दूसरी ओर उकसावे की कार्यवाही

यथार्थवादी स्कूल के अमेरिकी राजनीति विज्ञानी जॉन मियरशाइमर की थ्योरी ऑफ ऑफेन्सिव रियलिज्म ऐंड द राइज ऑफ चाइना इस घटना को स्पष्ट करती है।

मई, 2020 से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर धमकाने वाले अंदाज में बैठे हुए चीन की हरकतें विचित्र हैं। स्थिति यह है कि दोनों तरफ के सैन्य कमांडरों के बीच 16 दौर की बातचीत के बावजूद न तो चीन वहां से हटने का कोई प्रयास कर रहा है और न ही तनाव कम होने का कोई संकेत मिल रहा है। इसके उलट नवीनतम रिपोर्टों से यह संकेत मिलता है कि पूर्वी क्षेत्र में, श्चीनी लड़ाकू जेट एलएसी पर समझौतों का बार–बार उल्लंघन कर रहे हैं और भारतीय वायुसेना को उलझने के लिए मजबूर कर रहे हैं।श जबकि विश्वास बहाली के उपायों पर बनी सहमति के अनुसार, एलएसी के दस किलोमीटर के दायरे में सैन्य विमानों का संचालन नहीं होना चाहिए, यह शत्रुतापूर्ण कार्रवाई है।

इसके साथ ही, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) एलएसी के पास बड़े पैमाने पर सैन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है। एक नया राजमार्ग बनाया जा रहा है, जो अक्साई चिन के विवादित हिस्सों से होकर गुजरेगा। जैसा कि हमें मालूम है, चीन ने पैंगोंग झील के ऊपर दो पुल बनाए हैं। लगता है, जैसे चीनी शासन ने अक्तूबर, 2021 में अपने मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स में युद्ध छेड़ने की जो अशुभ धमकियां दी थीं, उन्हें सच करके दिखाने पर वह आमादा है। इनमें से अधिकांश विरोधाभासों को चीनी विश्वास निर्माण की उसकी प्रवृत्ति में विश्लेषित किया जा सकता है। चीन की इच्छा वैश्विक महाशक्ति बनने की है। अपने कम्युनिस्ट अवतार में उसने कन्फ्यूशियस के सिद्धांतों को तिलांजलि दे दी है और विस्तारवादी लोकाचार में यथार्थवादी सिद्धांतों को लागू किया है।

यथार्थवादी स्कूल के अमेरिकी राजनीति विज्ञानी जॉन मियरशाइमर की थ्योरी ऑफ ऑफेन्सिव रियलिज्म ऐंड द राइज ऑफ चाइना इस घटना को स्पष्ट करती है। ट्रेजिडी ऑफ ग्रेट पावर पॉलिटिक्स (2010) में मियरशाइमर ने चीन के उदय के संबंध में अपने सिद्धांतों के निहितार्थ के बारे में विस्तार से लिखा है। वर्ष 2010 में उन्होंने तर्क दिया था कि चीन के वर्तमान या भविष्य के इरादों का सटीक अनुमान लगाने का कोई तरीका नहीं है, चीन की रक्षात्मक और आक्रामक सैन्य क्षमताओं के बीच अंतर करना मुश्किल है और चीन के अतीत का शांतिपूर्ण व्यवहार भविष्य के व्यवहार का एक अविश्वसनीय संकेतक है। मियरशाइमर के अनुसार, चीन दूसरे देशों पर अपनी राष्ट्रीय शक्ति को तवज्जो देने की इकलौती नीति पर चल रहा है। अब शी जिनपिंग अपनी घरेलू और विश्व कूटनीति में श्साझा नियति के समुदायश की धारणा को तेजी से बढ़ावा दे रहे हैं। इतिहास की तरफ देखें, तो चीन का यह रवैया हमें अतीत के हान शासन की याद दिलाता है, जिसने कोरिया, मंगोलिया, वियतनाम और जापान जैसे कई पड़ोसी देशों को प्रभावित करते हुए अपनी भूमि और संस्कृति का उद्देश्यपूर्ण विस्तार किया था। सैन्य अभियानों की शृंखलाओं के जरिये उसने आधुनिक चीन और उत्तरी वियतनाम का निर्माण किया था। मेरा मानना है कि इस दर्शन को चीन के आधुनिकीकरण कार्यक्रमों में गहराई से पोषित किया गया था।

दिसंबर 1978 में देंग श्याओ पिंग ने औपचारिक रूप से सुधार प्रारंभ करते हुए चार आधुनिकीकरण की आधिकारिक शुरुआत की घोषणा की थी, जिनमें कृषि, उद्योग, राष्ट्रीय रक्षा और विज्ञान व प्रौद्योगिकी शामिल थे। सबसे अंत में सैन्य आधुनिकीकरण किया गया। इस पृष्ठभूमि में भारत के प्रति चीनी रवैये को समझना और शायद भविष्य को देखना आसान है। भारत को घेरने के लिए शत्रुओं के हाथ मिलाने का इतिहास जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में

पाकिस्तान एवं चीन के बीच खेला जाने वाला एक बड़ा खेल था। यह सब वर्ष 1959 में तब शुरू हुआ था, जब पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाने के लिए कथित तौर पर बीजिंग को प्रस्ताव दिया। कहते हैं कि अयूब खान की चिंता तब बढ़ गई, जब चीनी नक्शे में पाकिस्तान को चीन में दिखाया गया। चीनी शासन ने शुरू में आशंकित पाकिस्तान के प्रति उत्साह नहीं दिखाया, पर जनवरी, 1962 में उसने चुपचाप नक्शा वापस ले लिया, जब पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र में चीन के प्रवेश का समर्थन किया। फिर उन्होंने मार्च, 1962 में सीमा वार्ता के प्रस्ताव को आगे बढ़ाया। यह वार्ता 13 अक्तूबर, 1962 में शुरू हुई और दो मार्च, 1963 को चीन–पाक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। जब इस चर्चा का खुलासा हो रहा था, उसी दौरान चीन लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में 20 अक्तूबर से 21 नवंबर, 1962 के दौरान भारत के खिलाफ युद्ध लड़ रहा था।

इसी दौरान पाकिस्तान ने करीब 5,300 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीन को सौंप दिया और बदले में उसे चीन से करीब 1,900 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र मिला। पाकिस्तान ने चीन को शक्सगाम घाटी के आसपास का क्षेत्र दिया, जिसे ट्रांस–काराकोरम ट्रैक्ट कहा जाता है और जम्मू–कश्मीर के उत्तरी क्षेत्रों पर नियंत्रण पाया। चीन और पाकिस्तान में से किसी का भी इन क्षेत्रों में स्वामित्व का कोई अधिकार नहीं था। वे खुलेआम उन जमीनों का आदान–प्रदान कर रहे थे, जो भारत की थीं! भारत को नाराज करने के लिए चीन ने काशगर से ग्वादर खाड़ी तक सड़क मार्ग को बढ़ावा दिया, जो सीपीईसी से जुड़ा हुआ है और जो भारतीय दावे के क्षेत्र से होकर गुजरता है। यही मुख्य वजह है कि भारत ने चीन की वन बेल्ट वन रोड (ओबीओआर) पहल में हिस्सा नहीं लिया।

ओबीओआर से भारत के दूर रहने को चीन की पड़ोस नीति के बेहद नकारात्मक प्रभाव के रूप में देखा जा रहा है। इसने उसकी घरेलू गतिशीलता को भी प्रभावित किया है, इसीलिए क्षुब्ध चीन ने लद्दाख में दुस्साहस किया। बेशक भारत शंघाई सहयोग परिषद और ब्रिक्स का सक्रिय सदस्य है, लेकिन इसने स्पष्ट कर दिया है कि वह एक नियम आधारित विश्व व्यवस्था चाहता है, जिसमें सभी देश संयुक्त राष्ट्र द्वारा पोषित ढांचे में कार्य और बातचीत करें। और इसी गहरी विचारधारा के साथ ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान के साथ वह क्वाड में शामिल हुआ है। दक्षिण चीन सागर और ताइवान में चीनी दुस्साहस और संचार के समुद्री मार्ग में व्यापक हस्तक्षेप की पृष्ठभूमि में क्वाड को अपना संतुलन बनाने के साथ–साथ चीन से टकराना तथा उसे दोटूक संदेश देना भी है।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

# एनसीपी माइनारटी सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिराज मेहदी ने यूपी सरकार के दावे की खोली पोल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के माइनॉरिटी सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिराज मेंहदी ने आज यूपी सरकार की बदहाल बिजली व्यवस्था पर करारा हमला करते हुए कहाकि उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में 20 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा कर रही है परंतु प्रदेश में विधुत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। सिराज मेहदी ने कहाकि ग्रामीण क्षेत्रो में बिजली की आपूर्ति बद से बदतर हो गयी है 24 घण्टे में 10 घंटे की आपूर्ति हो रही है वो भी कट कटकर ऐसे में प्रदेश की शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र जनता एवं किसान बेहाल हो गए है। उन्होंने कहाकि मैं खुद मोहर्रम करने अपने पैतृक गांव खेतासराय थाना क्षेत्र के कलापुर में हु, दो दिन हो गए यहाँ ब मुश्किल 10 घण्टे कट कटकर बिजली मिली है। अधिकारियों से शिकायत के बावजूद भी हालात में कोई सुधार नही है, ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रदेश में 20 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा पूरी तरह से खोखला साबित हो रहा है।




# उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल में फार्मेसिस्टो के लंबित रजिस्ट्रेशन आवेदनों का शीघ्र हो निस्तारण – सुनील यादव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ, प्रदेश के विभिन्न जनपदों से प्राप्त सूचनाओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के पूर्व चेयरमैन एवं फार्मेसिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुनील यादव ने फार्मेसी काउंसिल में डिप्लोमा फार्मेसी एवं बैचलर फार्मेसी के लंबित ऑफलाइन आवेदनों का समय बद्ध निस्तारण करने हेतु उत्तर प्रदेश शासन से अनुरोध किया है। श्री यादव ने बताया कि बिना पंजीकरण के कोई भी फार्मेसिस्ट फार्मेसी की प्रैक्टिस करने के लिए अधिकृत नहीं होता है। वह फार्मेसी का कोई भी कार्य नहीं कर सकता है ना तो स्वरोजगार कर सकता है। प्रदेश के हजारों छात्र अपनी गाढ़ी कमाई पूंजी लगाकर फार्मेसी का अध्ययन कर रहे हैं, परंतु पंजीकरण का आवेदन जो ऑनलाइन होने के पूर्व ऑफलाइन किया गया था उसमें से अधिकांश के निस्तारण अभी भी लंबित है,जबकि शासन द्वारा उनके समय बद्ध निस्तारण के निर्देश पूर्व में ही दिए जा चुके हैं छात्रों की समस्याओं को देखते हुए शासन का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास फेडरेशन द्वारा किया गया है। 'श्री यादव ने उत्तर चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अमित मोहन प्रसाद जी एवं सचिव श्री प्रांजल यादव जी का धन्यवाद भी ज्ञापित किया है' कि उन्होंने फार्मेसी छात्रों की पीड़ा को समझते हुए उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल को ऑनलाइन किए जाने तथा उसकी व्यवस्थाओं में किए गए महत्वपूर्ण सुधारो के लिए हस्तक्षेप किया। 'वास्तव में शासन के निर्देशों के बाद ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया सुलभ, पारदर्शी एवं तेज हुई है।' फिर भी प्रदेश के हजारों फार्मेसिस्टो द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि 'हजारों की संख्या में ऑफलाइन आवेदन की पत्रावलियां अभी तक लंबित पड़ी हुई है। जबकि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि एक कार्ययोजना बनाकर सभी लंबित प्रकरणों को अति शीघ्र निस्तारित किया जाए और महानिदेशकध्अध्यक्ष उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल द्वारा प्रेस को यह भी बताया गया था कि अतिशीघ्र एजेंसी के माध्यम से सभी लंबित आवेदनों का निस्तारण कर दिया जाएगा, लेकिन यह योजना अभी तक पूरी नहीं हो सकी है' जिससे हजारों आवेदन पत्र अनिस्तारित है। 'फेडरेशन ने कहा कि किसी कार्य में विलंब होने पर भ्रष्टाचार की संभावना बढ़ जाती है'। शासन द्वारा यह भी प्रयास किया गया है कि उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल में किसी भी फार्मेसिस्ट को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पैरवी करने की नौबत ना आए, लेकिन आवेदन लंबित रहने के कारण अक्सर वहां पर फार्मेसिस्ट छात्र या कई अन्य व्यक्ति फार्मेसी काउंसिल व्यक्तिगत रूप से आते रहते होंगे जिससे शासन की मंशा पर प्रतिकूल असर की संभावना है। फेडरेशन ने प्रभावी कार्यवाही करने हेतु 1. सभी लंबित प्रकरणों को 1 माह के अंतर निस्तारित किए जाने 2.ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन के तत्काल बाद 24 घंटे के भीतर यदि आवश्यक हो तो क्वालिफिकेशन वेरिफिकेशन हेतु ईमेल पत्र निर्गत करने 3. क्वालिफिकेशन वेरिफिकेशन हो जाने के 1 हफ्ते के अंदर पंजीकरण ऑनलाइन ही निर्गत करने की सीमा तय करने का अनुरोध किया है।

# लखनऊ बार एसोसिएशन के निर्वाचित ब्राह्मण पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आदर्श श्री भट्ट ब्राह्मण सभा लखनऊ द्वारा लखनऊ बार एसोसिएशन के निर्वाचित ब्राह्मण अधिवक्ताओं का ष्ब्राह्मण अधिवक्ता गौरव सम्मान समारोहष आशियाना, लखनऊ में आयोजित किया गया। जिसमें लखनऊ बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुरेश पाण्डेय, मंत्री कुलदीप नारायण मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष मारुत कुमार शर्मा को आदर्श श्री भट्ट ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष कमल किशोर शर्मा व महामंत्री राजेश कुमार शर्मा ने माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कमल किशोर शर्मा ने कहा कि ब्राह्मणों ने सदैव समाज का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन किया है। इस अवसर पर महामंत्री राजेश कुमार शर्मा एवं उप महामंत्री वेद प्रकाश शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि इस बार श्लखनऊ बार एसोसिएशन के निर्वाचन में 90 प्रतिशत ब्राह्मण अधिवक्ता निर्वाचित हुए हैं, जो एक अच्छी शुरुआत है। समारोह में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध






यक्ष एस0एन0 पाण्डेय एवं महामंत्री दुर्गेश पाण्डेय ने अपने विचार रखे तथा सभी ने संयुक्त रुप से ब्राह्मण प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग की। उक्त जानकारी एडवोकेट के के राय ने दी।

# उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों में हुआ भारत माता पूजन और स्वतंत्रता सेनानी परिवार सम्मान

सीतापुर ब्यूरो अजय सिंह : अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा 1 अगस्त को देशभर के एक साथ एक लाख से अधिक विद्यालयों में भारत माता पूजन एवं सैनिकध्स्वतंत्रता सेनानी परिवार सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए महासंघ के लखनऊ मंडल अध्यक्ष महेश मिश्रा ने बताया कि देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजन को लेकर शिक्षक कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह रहा तथा पूरे प्रदेश में इन कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। महासंघ के जिला सीतापुर मीडिया प्रभारी देव प्रताप सिंह के अनुसार विद्यालयों में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समाज जन के मध्य आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम में अपना जीवन लगाने वाले सेनानियों का कृतज्ञता पूर्वक स्मरण किया गया तथा उनके सपनों का भारत बनाने के लिए ष्इंडिया से भारत की ओरष जाने का आह्वान



करते हुए संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में स्थानीय क्षेत्र में रहने वाले स्वतंत्रता सेनानियों एवं सैनिकों के परिवार का सम्मान किया गया तथा महासंघ की तरफ से विद्यालय को भारत माता का चित्र भेंट की गई। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती का सामूहिक गायन हुआ। प्राथमिक, पूर्व माध्यमिकध माध्यमिक शिक्षा के 1000से अधिक विद्यालयों में स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजन हेतु विद्यालयवार गठित टीमों का सहयोग सराहनीय रहा है तथा ष्स्वतंत्रता का अमृत महोत्सवष पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

# अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले कुल 01 निरीक्षक 10 उप निरीक्षक 02 मुख्य आरक्षी 01 आरक्षी को दी गयी विदाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 31.07.2022 को जनपद जौनपुर से कुल 01 निरीक्षक, 10 उप निरीक्षक, 02 मुख्य आरक्षी, 01 आरक्षी अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर ष्पुलिस लाइन्स सभागारष जौनपुर में विदाई समारोह का आयोजित किया गया। जिसमें डॉ0 संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर द्वारा विदाई समारोह में सम्मिलित होकर सभी को उपहार, स्मृति चिन्ह देकर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की शुभकामनाओं सहित विदा किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक जौनपुर एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारीघण मौजूद रहें। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण की सूचीरू– 1.निरीक्षक श्याम बिहारी राम 2. उपनिरीक्षक गणेश प्रसाद 3. उपनिरीक्षक नंद किशोर शुक्ला 4.उपनिरीक्षक रणजीत उपाध्याय 5.उपनिरीक्षक छोटे श्याम ओझा 6.उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह 7.उपनिरीक्षक नित्यानंद चौबे 8.उपनिरीक्षक कपिल देव सिंह 9.उपनिरीक्षक जनक चौबे 10.उपनिरीक्षक सूर्यदेव तिवारी 11.उपनिरीक्षक घनश्याम सिंह 12.मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस वासुदेव सिंह 13.मुख्य आरक्षी चालक लाल बाबू यादव 14.आरक्षी जयराम सिंह।

# थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमें से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपदीय पुलिस द्वारा वारांटी वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुगराबादशाहपुर द्वारा मुखबिर खास की सूचना मु0अ0सं0–176/22 धारा–363/366 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्त हितिश कुमार पुत्र रामसुरत निवासी नेवादा बसना थाना फूलपुर जिला प्रयागराज को तरहटी तिराहे से गिरफ्तार कर तथा अपृहता को बरामद कर थाना हाजा लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। नाम पता अभियुक्तदृ हितिश कुमार पुत्र रामसुरत निवासी नेवादा बसना थाना फूलपुर जिला प्रयागराज। अभियुक्त का अपराधिक इतिहासरू– 1. मु0अ0सं0–176/2022 धारा–363/366 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.श्री सदानन्द राय थानाध



यक्ष थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 2.उ0नि0 राकेश कुमार राय थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 3.का0 ओमप्रकाश यादव, का0 अभिमन्यु यादव, का0 सुनील यादव, म0का0 दीपिका श्रीवास्तव थाना मुगराबादशाहपुर।

## थाना गौराबादशाहपुर पुलिस टीम ने चार नफर वारण्टियों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में थाना गौराबादशाहपुर पुलिस द्वारा मु0न0–175/20 धारा–379 भादवि0 थाना गौराबादशाहपुर से सम्बन्धित दो वारण्टी 1–श्रीराम पुत्र रामखेलावन 2– रामप्रसाद पुत्र रामखेलावन निवासीगण दुधौड़ा थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर को उनके घर ग्राम दुधौड़ा से तथा वारण्ट मु0न0–3311/09 धारा–323/325/504 भादवि0 थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर से सम्बन्धित दो वारण्टी 1–इन्द्रबहादुर सिंह पुत्र स्व0 उधरेज सिंह 2–समर बहादुर सिंह पुत्र स्व0 उधरेज सिंह निवासीगण ग्राम काकोरी देवाकलपुर थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर को उसके घर ग्राम काकोरी दिवाकलपुर से आज दिनांक 31.07.2022 को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा वारण्टियों को विधिक कार्यवाही करते हुए




माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी टीम– 1.उ0नि0 देवेन्द्र कुमार पाल थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 2.उ0नि0 अजीमुस्सलाम थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 3.हे0का0 गुलाबचन्द यादव, थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 4.हे0का0 सुधीर राय, थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 5.का0 प्रभाकर सिंह थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर।

## थाना मछलीशहर पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण में थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0–184/2022 धारा–363, 366 IPC सें सम्बन्धित अभियुक्त बब्रू कुमार बिट पुत्र स्व0 दुखीश्याम बिट निवासी भानपुर थाना कटक सदर जिला कटक यूपीडी उड़ीसा को कटक उड़ीसा से गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्त बब्रू बिट की निशानदेही पर अपहृता को बरामद किया गया। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। नाम पता अभियुक्त– 1. बब्रू कुमार बिट S/o स्व0 दुखीश्याम बिट निवासी भानपुर थाना कटक सदर जिला कटक यूपीडी उड़ीसा ।सम्बन्धित अपराध– 1. मु0अ0सं0 184/2022 धारा 363, 366 IPC थाना म0शहर जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1. उ0नि0 श्री धनन्जय कुमार राय, थाना मछलीशहर जौनपुर । 2. कां0 संदीप कुमार यादव, थाना मछलीशहर जौनपुर । 3.म0कां0 सीमा सिंह, थाना मछलीशहर जौनपुर ।

# यूपी के दो बैंकों में आरबीआई ने कसा शिकंजा : तीस हजार से ज्यादा चेक नहीं निकाल सकेंगे ग्राहक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वित्तीय हालात खराब होने पर आरबीआई ने उत्तर प्रदेश के 2 बैंकों पर पांबदी लगा दी है।लखनऊ अर्बन को–ऑपरेटिव बैंक और अर्बन को–ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पर पाबंदी लगाई है।यह पाबंदी पिछले छह महीने तक रहेगी।दोनों बैंक को मिलाकर करीब 10 हजार खाता धारक है। जानकारों का कहना है कि दोनों ही बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट के तहत पाबंदी लगी है। इसमें लखनऊ अर्बन को–ऑपरेटिव बैंक से 30 हजार रुपए से ज्यादा नहीं निकाल सकते है जबकि अर्बन को–ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड सीतापुर से कोई भी खाता धारक 50 हजार रुपए से ज्यादा नहीं निकाल सकता है। आरबीआई छह महीने बाद इन बैंकों की मॉनिटरिंग करेगा। उसके बाद इनके ऊपर लगे पाबंदी को हटाया जाएगा। जानकारों का कहना है कि यह पाबंदी आगे भी जारी रह सकती है। दोनों ही बैंक अगले छह महीने तक किसी खाता धारक को लोन भी नहीं दे सकते हैं। इसके लिए आरबीआई की अनुमति जरूरी है। यहां तक की फंड जुटाने के लिए भी इन दोनों बैंकों को रिजर्व बैंक से मंजूरी लेने की जरूरत होगी। दोनों सहकारी बैंक पाबंदियों के लागू रहने तक ग्राहकों से डिपॉजिट भी नहीं ले पाएंगे। यहां तक की बैंक अपनी कोई संपत्ति गिरवी नहीं रख पाएंगे।

# प्रॉपर्टी डीलर ने खुद को गोली मारकर लगाया मौत को गले

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)उत्तर प्रदेश की रामनगरी अयोध्या में पूर्व बीडीसी व प्रॉपर्टी डीलर ने खुद गोली मारकर मौत को गले लगा लिया। जिले के के पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के सरियावां मजरे मिश्रौली गांव निवासी प्रॉपर्टी डीलर ने घर के अंदर लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वही पुलिस और परिजनों के अनुसार प्रॉपर्टी डीलर महीनों से किसी बात को लेकर तनाव में रहते थे। इस वजह से उनके नाम की लाइसेंसी रिवाल्वर को परिजनों ने पड़ोसी भाई के घर में रखवा दिया था। पर तीन दिन पहले वापस लाकर रविवार की दोपहर गोली मारकर आत्महत्या कर ली।परिजनों के पूछने पर भी मृतक ने तनाव का कारण नहीं बताया था। वही इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पूराकलंदर राजेश सिंह का कहना है कि सरियावां गांव के मजरे मिश्रौली गांव निवासी अफसर जावेद उर्फ सिप्पू पुत्र अब्दुल वाहिद उम्र करीब 47 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। पिछले दिनों कहीं किसी से लेन देन या किसी दूसरी वजह से तनाव में रहने लगे थे।परिजनों ने इसकाध कारण नहीं बताया। परिजन इस बात को लेकर काफी चिंतित रहा थे कि कहीं यह आत्महत्या ना कर लें, जिसके चलते उन्हें घर में कड़ी निगरानी में रखा जाता रहा और उनकी लाइसेंसी रिवाल्वर भी पड़ोसी भाई के घर में रखवा दी गई। घर में मौका मिलते ही मृतक ने दिया घटना को अंजाम जावेद के बार–बार मांगने पर परिजन तीन दिन पहले ही रिवाल्वर को मांग कर घर में लाए हुए थे। इसी रिवाल्वर से रविवार को अफसर जावेद ने मौका पाकर घर के अंदर ही गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आनन–फानन में परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस वारदात की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को इस मामले में अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है।

# गरीब मरीज के कूल्हे का निःशुल्क ऑपरेशन कर डॉ अभय प्रताप ने बचाई जान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एस .आर. एस . हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर मछलीशहर पड़ाव जौनपुर के डॉक्टर अभय प्रताप ने दुर्गा प्रसाद गुप्ता निवासी समोधपुर थाना सरपतहां,जौनपुर को एक नई जिंदगी प्रदान किया बताते चलें कि दुर्गा प्रसाद की 3 माह पहले छत से गिरने के कारण कूल्हे की हड्डी टूट गई थी। जिस के उपचार के लिए जिला अस्पताल के साथ कई प्राइवेट हॉस्पिटल में गये लेकिन ऑपरेशन नहीं किया गया डॉक्टरों ने बताया कि इनके अंदर खून बहुत कम है । और इनके पास और कई गंभीर बीमारी है। जिसे कारण इनका ऑपरेशन संभव नहीं है ।अपनी जिंदगी को भगवान के भरोसे रखकर समय काट रहे थे कि इसी दौरान काली कुत्ती निवासी प्रीतम सिंह से मुलाकात हुई और उन्होंने डॉ अभय प्रताप के यहां चलने की सलाह दी डॉक्टर साहब के यहां जाने के बाद दुर्गा प्रसाद की पूरी स्थिति से अवगत कराया तब डॉक्टर साहब ने अपनी दरियादिली दिखाते हुए मरीज का निशुल्क ऑपरेशन व दवा का पूरा खर्चा तकरीबन 2 लाख से अधिक उठाने की बात कही और डॉ अभय



सिंह और एनेस्थेसिया डॉक्टर विवेक शुक्ला ने सफल ऑपरेशन को उन्हें नवजीवन दिया इसके बाद कई सामाजिक संस्थाओं ने दुर्गा प्रसाद का निशुल्क इलाज कराने की बात कही लेकिन डॉक्टर साहब ने दुर्गा प्रसाद का निशुल्क ऑपरेशन व दवा कर नई जिंदगी दी। डॉक्टर साहब ने बताया कि इस तरह की सेवा ही सही मायने में ईश्वर की पूजा होती है उसकी जान बचाने से मुझे जो खुशी हो रही है उसका बयां शब्दों में नहीं किया जा सकता है।

# 95 ग्राम पंचायतों के 22 हजार घरों में तिरंगा बनाने का दायित्व संभाल रहीं चार ग्राम संगठन समूह की महिलाएं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर आजादी अमृत महोत्सव के अंतर्गत ब्लॉक क्षेत्र के 95 ग्राम पंचायतों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 22 हजार घरों में तिरंगा फहराया जाना है। तिरंगा बनाने की जिम्मेदारी चार ग्राम संगठन समूह की महिलाओं को सौंपा गया है। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव ने दी है। उन्होंने बताया कि मिरशादपुर गांव में स्थित तुलसी ग्राम संगठन, रैभानीपुर गांव में स्थित उमंग ग्राम संगठन, मुरादपुर कोटिला गांव में स्थित एकता ग्राम संगठन ,तथा ग्राम पंचायत रूप चन्दपुर में गठित सरगम ग्राम संगठन ने तिरंगा बनाने का मोर्चा संभाला है। इन ग्राम संगठनों में 37 स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह महिलाएं 4 अगस्त तक ब्लॉक को तिरंगा ध्वज मुहैया करा देंगी। ग्राम संगठन की सुषमा निषाद, किरण, डिंपी तथा अनीता ने बताया कि किसी भी दशा में बदलापुर ब्लॉक के 22000 घरों में 11 अगस्त से 17 अगस्त के बीच तिरंगा फेरता हुआ नजर आएगा।

# अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार ने हर्षोल्लास से मनाया तीज का त्योहार : महिलाओ ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के पुनर्मिलन के अवसर पर अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के तरफ से हरियाली तीज का आयोजन किया गया, सभी महिलाओ ने तीज का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया ! जिसमें सभी महिलाओ ने हरे रंग के वस्त्र पहनकर सोलह श्रंगार करके माता पार्वती और त्रिलोकी नाथ भोले शंकर के अराधना और पूजा से शुरुआत की, उसके बाद सभी बहनो ने कजरी. महोत्सव का भरपूर आनंद लिया,अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिँह ने कहा कि मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का पुनर्मिलन हुआ था, इसलिए सुहागिन महिलाएं अपने पति के लंबी आयु के लिए निर्जला ब्रत रखकर ब्रत करती है, इस दिन सुहागिन महिलाए पूरी श्रद्धा




से पूजा अर्चन करती है, कार्यक्रम मे पूजा के बाद महिलाओं ने एक दूसरे को मेहंदी लगाया और सुहाग का समान के साथ सबको चूडियां पहनाई और एक दूसरे का आशिर्वाद लिया गया! कार्यक्रम के अंत मे सभी बहनो को तुलसी का पौधा देकर प्रकृति के संरक्षण का वचन लिया और एक संदेश भी दिया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से राधिका सिंह, कंचन सिंह पिंकी मौर्या, मीरा अग्रहरी, नीतू सिंह ज्योति सिंह, शालिनी सिंह, इन्द्रा जायसवाल, रीता कश्यप, अनीता सेठ ममता गुप्ता,रीता सिंह और बहुत सारी प्रतिष्ठित महिलाएं उपस्थित रही।

# दुर्गा पूजा महासमिति के अनिल अस्थाना अध्यक्ष व राहुल पाठक महासचिव निर्वाचित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की केंद्रीय कमेटी श्री दुर्गा पूजा महासमिति जौनपुर की आम सभा की बैठक अध्यक्ष श्री विजय सिंह बागी की अध्यक्षता में जनपद के एक मैरिज हाल के प्रांगण में संपन्न हुई जिसमें आगामी 26 सितंबर 2022 से प्रारंभ होने जा रहे मां दुर्गा पूजन उत्सव को भव्य एवं विराट स्वरूप प्रदान करने के लिए जनपद के समस्त मां दुर्गा पूजन समितियों के अध्यक्ष ध्महासचिव आम सभा की बैठक में आमंत्रित किया गया जहां पर दूरदराज ग्रामीण अंचल से आए हुए पूजन समिति के सदस्यों ने एवं शहरी क्षेत्र की पूजन समितियों के सदस्यों ने आगामी दुर्गा पूजा उत्सव को भव्य एवं विराट स्वरूप प्रदान करने के लिए अपने विचार व्यक्त किए साथ ही साथ पूजन समितियों ने अध्यक्ष विजय सिंह बागी से अनुरोध किया कि आगामी आयोजन को देखते हुए जिला प्रशासन से पूजन व्यवस्था से संबंधित जो भी शासन के आदेश आए हैं उसकी संपूर्ण जानकारी जिला प्रशासन से लेने के पश्चात पूजन समितियों को जल्द से जल्द अवगत कराया जाए जिससे एक बार पुनरूपुरानी परंपरा अनुसार आयोजन संपन्न हो सके बैठक के अंतर्गत सत्र 2022– 2023 2 वर्षीय अध्यक्ष महासचिव का चयन श्री दुर्गा पूजा महासमिति जौनपुर के संरक्षक सदस्य श्री इंद्रभान सिंह इंदू ,श्री विनोद कुमार जायसवाल, श्री सोभनाथ आरया, श्री श्रीकांत महेश्वरी ,श्री संतोष सिंह, श्री निखिलेस सिंह ,श्री अतुल गोपाल मिश्रा ,श्री विंध्याचल सिंह, के द्वारा 2 वर्षीय कार्यकाल के लिए अध्यक्ष पद पर अनिल अस्थाना एवं महासचिव पद पर राहुल पाठक का चयन कर घोंषणा किया गया जिसका स्वागत उपस्थित समस्त पूजन समितियों ने मां की जय घोष के साथ



किया नव चयनित अध्यक्ष अनिल अस्थाना ने पूजन समितियों को आश्वस्त किया की पूजन समितियों को पूजन से संबंधित किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं आने पाएगा श्री दुर्गा पूजा महासमिति जौनपुर की पूरी प्रबंधकारिणी आपकी समस्याओं के निस्तारण के लिए सदैव तत्पर रहेगी और जल्द से जल्द शासन के दिशा निर्देशों से आप सभी को अवगत कराया जाएगा अध्यक्ष विजय सिंह बागी ने नव चयनित अध्यक्ष एवं महासचिव को आश्वस्त किया कि मैं और पूरी प्रबंध कारिणी सदैव आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस महान अनुषठान को सकुशल संपन्न कराने का प्रयास करेगी बैठक का संचालन उपाध्यक्ष मनीष देव ने किया आम सभा की बैठक में विशिष्ट सदस्य महेंद्र विक्रम, अरविंद बैंकर, नीरज सिंह, घनश्याम साहू, मोती लाल यादव, राधे कृष्ण ओझा, शशांक सिंह रानू , पराबंधकारिणी के सदस्य लालचंद निषाद ,विजय रघुवंशी, विनय सेठ, विजय गुप्ता, अतुल प्रताप सिंह ,महेश जयसवाल, चंदन यादव, चंद शेखर गुप्ता, संतोष मौर्या ,दीपक जायसवाल, सनी जयसवाल, विष्णु गुप्ता, रवि शर्मा, शैलेंद्र मिश्रा ,मनोज मौर्या, संजय विश्वकर्मा ,चंदन यादव, आशीष रावत ,रतनदीप निषाद, आलोक वैश्य, पुनीत पंकज बंटी, गौरव श्रीवास्तव ,गणेश साहू, मनीष गुप्ता उपस्थिति रहे, धन्यवाद महासचिव अनिल साहू ने किया।

# ट्रक के धक्के से बाइक सवार महिला की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना क्षेत्र के आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर मोढ़ेला नहर के पास ट्रक के धक्के से बाइक सवार महिला की मौत हो गई वहीं चालक युवक व एक छोटा बच्चा बाल बाल बच गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ज्ञात हो कि वाराणसी जनपद के चोलापुर थाना क्षेत्र के मंगोलेपुर गांव निवासी शारदा देवी (50) पत्नी लुटावन यादव अपने नाती अभिषेक 18 वर्ष के साथ बाइक से पोते चिराग डेढ़ वर्ष को लेकर सुखंडी झराने के लिए मोढ़ेला बाजार आई हुई थी वहां से दवा लेकर वापस जाते समय मोढ़ेला नहर के पास वाराणसी की तरफ से आ रही ट्रक से धक्का लग गया जिससे शारदा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई वहीं दोनों नाती व पोते बाल बाल बच गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लायीं जहां डॉक्टरों ने शारदा देवी को मृत घोषित कर दिया ।पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# घर से भागे रहे प्रेमी–प्रेमिका की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पवांरा थाना क्षेत्र के कुंवरपुर बाजार के समीप रविवार की भोर में घर से भाग रहे बालिग प्रेमी–प्रेमिका की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मड़ियाहूं थानाक्षेत्र के भुभुवार (मड़ैया) गांव निवासी रवि पाण्डेय (25) गांव की ही दूसरी बिरादरी की लड़की निधि शर्मा (22) से पिछले दो सालो प्रेम प्रपंच चल रहा था ।दोनो अपने परिजनों को शादी के लिए राजी कर रहे थे लेकिन दोनो के ही परिजन इस रिश्ते को मानने को तैयार नही हुए ।एक दूसरे से मिलने जुलने की पाबंदी बढ़ने पर दोनों ने भागने का फैसला किया और 31 जुलाई रविवार की रात्रि दोनों घर से भाग रहे थे और भोर में करीब तीन बजे जब दोनों कुंवरपुर गांव के समीप पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार धक्का मार दिया । जिससे दोनों गंभीररूप से घायल हो गये । घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और एम्बुलेन्स के द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया पहुंचाया ।जहां चिकित्साधिकारी ने दोनों को मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।इस बाबत पवांरा थानाध्यक्ष रामसरीख गौतम का कहना है दोनो प्रेमी युगल है ।घर से भागकर बाईक से कही जा रहे थे कुंवरपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनो की मौत हो गई ।शव की पहचान आधार कार्ड व मोबाइल से की गई है ।दोनो के परिजन मौके पर आए और शव की पहचान की।

# मोहर्रम व नागपंचमी त्योहारों को लेकर सीओ ने की बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर कस्बा स्थित पुलिस चौकी पर रविवार को मोहर्रम व नागपंचमी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक सीओ केराकत गौरव शर्मा की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि पूर्व में जैसे त्योहार मनाया जा रहा था। वैसे ही त्योहार मनाया जायेगा। किसी भी प्रकार की नई परम्परा नहीं शुरू की जायेगी। सीओ ने कहा कि मोहर्रम के जुलूस में किसी भी शस्त्र का प्रयोग नहीं होगा। एसओ विक्रम लक्ष्मण सिंह ने सभी से त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील किया। इस अवसर पर कस्बा चौकी इंचार्ज आशीष पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह, महामंत्री मुहम्मद इकराम अंसारी, सुजीत जायसवाल,नवीन सकहु बबलू , अतीकुर्रहमान, आसिफ सिद्दीकी, कैसर रिजवी, धर्मेन्द्र जायसवाल, अजय प्रजापति, नजमी अरशद, जमालुद्दीन अंसारी, संग्राम यादव, अमीक अंसारी, हैदर अब्बास आदि उपस्थित रहे।

# धूम धाम से मनाया गया अघोर आश्रम का स्थापना दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा के खाना पट्टी स्थित अवधूत कुटी पर रविवार को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अघोर गुरु पीठ बनौरा आश्रम का स्थापना दिवस उल्लास पूर्वक मनाया गया। 31जुलाई 1993 को अघोरेश्वर भगवान राम के शिष्य प्रिय दर्शी राम ने अघोर पंथ के ध्वज को अनवरत फहराने के लिए गुरूपीठ बनौरा आश्रम राय गढ़ की स्थापना की थी ।तभी से सभी आश्रमों पर इस दिन समारोह आयोजित किए जाते हैं। अबधूत कुटी के सेवक ने बताया कि रविवार को प्रातः छ बजे से आश्रम पर पंथ के अनुयायो द्वारा गुरु गीता पाठ,शक्ति ध्वज पूजन,हवन आरती के साथ साथ गुरु चर्चा व सत्संग प्रवचन का आयोजन किया गया। सायं भजन संध्या व भंडारे में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे ।अपने उद्बोधन में कुटी के सेवक दीप राज ने गुरु के अमृत वचन का स्मरण कराते हुए बताया कि किसी भी धार्मिक संस्थान की स्थापना का आधार संत महात्माओं का विचार होता है। महान संतो के विचारों की पगडंडी पर चलकर हम गन्तव्य तक पहुँच सकते हैं। हमारी बुद्धिमानी इसी में है कि उनके द्वारा दिखाए मार्ग का अनुसरण करें जिससे हमारे जीवन का अंतिम लक्ष्य प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में दुष्यंत सिंह,डॉ विजय प्रकाश यादव,रविन्द्र यादव,मनीष सिंह,लालती सिंह ,शिवराज,आनन्द सिंह,चंदू जायसवाल,अश्विनी श्रीवास्तव,सन्तोष सिंह रहे।

# विधायक ने सुनी लोगो की समस्याएं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधायक पंकज पटेल ने रविवार को लोक निर्माण विभाग के परिसर में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में फरियादियों ने सड़क निर्माण, नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग , स्टील लाइट, मुख्यमंत्री राहत कोष से कैंसर पीड़ितों के इलाज के लिए धनराशि व राशन कार्ड बनवाने की समस्या को लेकर विधायक को अवगत कराया। विधायक करीब दो घंटे तक डाक बंगले पर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण का आश्वासन दिया ।प्रधान राम मिलन यादव ने सराय रैचन्दा गांव बीच रोड निर्माण, बनकट गांव में कई वर्षों से दलित बस्ती में जन संपर्क मार्ग बनाने, ग्राम सभा रामपुर सुजनीहीह मे पक्की सड़क बनाने व ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि बढ़ाने की समस्या को लेकर फरियादियों ने ज्ञापन सौंपा ।इस मौके पर प्रधान राजमणि पटेल राजू,जिला पंचायत सदस्य दिनेश यादव ,विवेक यादव, प्रधान संतोष यादव, अजय पटेल ,ज्ञानेंद्र पटेल, श्याम शंकर यादव,विनोद पटेल, रवींद्र कुमार यादव,प्रधान करीम,अंकित पाल, भोला पटेल, आदि लोग मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ वरिष्ठ अधिवक्ता उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के विशिष्ट सदस्य वीरेंद्र प्रताप सिंह की पत्नी के पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर नगर की प्रेम राजपुर स्थित असहाय वृद्ध आश्रम में आज बुजुर्गों जनों को भोजन कराया गया साथ ही लोगों को फल और कपड़े का भी वितरण किया गया इस अवसर पर पौधारोपण का भी आयोजन किया गया कार्यक्रम में उनके पुत्र व जी न्यूज के हेड अमित कुमार सिंह भी उपस्थित रहे इस अवसर पर दुर्गेश प्रताप सिंह विवेक चौबे अभिषेक शर्मा रवि चतुर्वेदी शैलेन्द्र सिंह ओम प्रकाश सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मध्यान्ह भोजन रसोईया का जिला मुख्यालय पर 5 अगस्त को होगा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महराजगंज ब्लाक के बिझवट गांव निवासी राष्ट्रीय मध्यान भोजन रसोईया फ्रंट के प्रदेश महासचिव राजेन्द्र प्रसाद शर्मा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से रसोईया का 5 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की जानकारी दी गयी है ! जिसमे प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयो में कार्य कर रहे रसोइयों के ज्वलंत समस्याओं जैसे कई मुद्दो से शासन को अवगत कराये जाने के लिए आगामी 5 अगस्त को दस बजे से जिलामुख्यालय पर हड़ताल व जनपद व्यापी धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है विद्यालयो मे रसोईया का काम करने वाली ज्यादातर गरीब महिलाओ को किसी भी प्रकार की कोई सुरक्षा नहीं दी गई है सभी रसोइयों का मानदेय ना के बराबर है और मनमाने ढंग से उनको बार बार बदलना ये एक प्रकार का प्रताडना व शोषण है ! इन्ही विभिन्न मुद्दो को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जाना सुनिश्चित है धरने मे प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा महासचिव राजेंद्र प्रसाद शर्मा मुख्य अतिथि रणधीर सिंह के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय व संस्थापक चमेली सिंह ,सुल्तानपुर जिला अध्यक्ष शीला , गाजीपुर जिला अध्यक्ष शंभूराय, मेनका ,अजय कुमार ,महेंद्र कुमार, आदि वक्ता धरने मे मौजूद रहेगे।

# रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु आमंत्रित किये जा रहे आवेदन पत्र : जिला मजिस्ट्रेट आजमगढ़

जौनपुर सू.वि. : जिला मजिस्ट्रेट आजमगढ़ के द्वारा अवगत कराया है कि जनपद आजमगढ़ में जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) के 1 पद, जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) मण्डल के 1 पद, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) मण्डल के 1 पद, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) का 1 पद, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के 14 व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) के 4 पद, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) के 01 पद, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) के 2 पद कुल 25 रिक्त है। रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु विधि परामर्शी निदेशिका के प्रस्तर–7.03 के अन्तर्गत दिये गये प्राविधानों के अनुसार कार्य कुशलता एवं वरीयता के आधार पर बार कौन्सिल से एडवोकेट के रूप में पंजीकृत अधिवक्ताओं जनपद आजमगढ़, मऊ, बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, अम्बेड़कर नगर, सुल्तानपुर, गोरखपुर के बार के सदस्यों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। इच्छुक अधिवक्ताधविधि व्यवसायी जो प्रतिबन्धों को पूर्ण करते हैं, वे अपने आवेदन पत्र तीन प्रतियों में तीन वर्षों में किये गये ऐसे मुकदमों का पूर्ण विवरण जो कार्यवाही के दौरान उनके द्वारा किये गये हों, को न्यायालय द्वारा यथाविधि सत्यापित कराकर जिसमें वह वादी अथवा प्रतिवादी की ओर से उपस्थित रहे हों, सफलता के प्रतिशत के साथ 19 जुलाई 2022 से 02 अगस्त 2022 तक कार्यालय समय में प्रातः 10.30 बजे से सायं 4.00 बजे तक जिलाधिकारी आजमगढ़ के कार्यालय में शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) का न्याय सहायक के पटल पर तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) व (राजस्व) का राजस्व सहायक के पटल पर प्राप्त करा सकते हैं।

# एआईडीएसओ ने मुंशी प्रेमचंद की मनाई 143वी जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हिंदी व उर्दू के महान साहित्यकार, कथा सम्राट व कलम के सिपाही मुंशी प्रेमचंद की 143वीं जयंती के अवसर पर ऑल इण्डिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (एआईडीएसओ) द्वारा 31 जुलाई को सिंगरामऊ बाजार में सरकारी अस्पताल के गेट पर माल्यार्पण कार्यक्रम व नुक्कड़ सभा आयोजित कर प्रेमचंद्र के चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। इस मौके पर सैकड़ों विद्यार्थियों, किसान – मजदूरों, महिलाओं व क्षेत्र के लोगों ने मुंशी प्रेमचंद की फोटो पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर एआईडीएसओ कार्यकर्ताओं ने नई शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि, मुंशी प्रेमचंद ने अपने कर्मभूमि उपन्यास के माध्यम से कहा था कि, मैं चाहता हूं कि, ऊंची से ऊंची तालीम सबके लिए मुफ्त हो, ताकि गरीब से गरीब आदमी भी ऊंची से ऊंची लियाकत हासिल कर सके और ऊंचे से ऊंचा ओहदा पा सके। मैं यूनिवर्सिटी के दरवाजे सबके लिए खुले रखना चाहता हूं। सारा खर्च गवर्नमेंट पर पड़ना चाहिए। मुल्क को तालीम की उससे कहीं ज्यादा जरूरत है जितनी फौज की। मुंशी प्रेमचंद चाहते थे कि आजाद भारत में निशुल्क, जनवादी, वैज्ञानिक व धर्म निरपेक्ष शिक्षा पद्धति लागू हो। लेकिन आजादी के 75 वर्षों में भी उनका सपना पूरा नहीं हो सका। विपरीत इसके विभिन्न सरकारों द्वारा लगातार शिक्षा विरोधी नीतियां लागू की जा रही हैं। वर्तमान बीजेपी सरकार ने भी शिक्षा के निजीकरण, व्यापारीकरण, सांप्रदायीकरण व केंद्रीयकरण को बढ़ावा देने के लिए नई शिक्षा नीति 2020 को लागू किया है, जो अत्यंत शिक्षा विरोधी और छात्र विरोधी है। इसलिए इसके खिलाफ संगठन के द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी एक करोड़ हस्ताक्षर अभियान को तेज करने में आप सभी अपना हर तरफ का सहयोग दें। इस अवसर पर एआईडीएसओ के राज्य सचिव दिलीप कुमार, जिला संयोजक संतोष प्रजापति व सह संयोजिका अंजली ने सम्बोधित किया। क्रांतिकारी गीतों की प्रस्तुति अनीता, पूनम, चंदा ने किया। मौके पर अमित, विवेक, अंजली, संगम और किशोरों का संगठन– कॉमसोमोल की ओर से देवव्रत के अलावां अन्य कई छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# जौनपुर के मीडिया साथियों का स्नेह प्यार जीवन भर याद रहेगा – हिमांशु नागपाल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर प्रेस क्लब के तत्वाधान में आज जनपद से स्थानांतरित आईएएस अधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल की विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित करके पत्रकारो ने उन्हे पुष्प प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है। आयोजित समारोह की अध्यक्षता प्रो पी सी विश्वकर्मा ने किया। और मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस अधिकारी श्री नागपाल रहे। इस अवसर पर श्री नागपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि जौनपुर में अपने इस कार्यकाल के दौरान मुझे मीडिया का जो स्नेह प्यार और सहयोग मिला वह सराहनीय रहा है। आपके दिल में हमारे लिए जो स्नेह देखने को मिला उसकी जितनी सराहना की जाये कम होगा। हमने अपने कार्यकाल में कई जरूरी कामो को किया लेकिन कुछ काम अधूरे रह गए है। आपकी यादे जीवन में हमेशा कायम रखूंगा ।जौनपुर के मीडियो के साथियों से भी अपील है कि हम पर अपना आशीर्वाद बनाये रखे किसी बड़े पद पर एक बार फध्रि इस जनपद में आने की इच्छा है। विदाई समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डा पीसी विश्वकर्मा ने श्री नागपाल के कार्यो और उनके दूर दर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि ईश्वर आपको उस उँचाई तक पहुंचाये जहां पहुंचने के बाद आगे जाने का रास्ता ही ना हो। उन्होंने कहा कि अपने सेवा काल में एक बात का ध्यान रखे कि मानवता का सम्मान बना रहे ।एक शिक्षक की भूमिका में आते हुए उन्होंन कुछ ऐसी बाते जीवन में आत्मसात करने की सलाह दी जिससे मानवता की रक्षा की जा सके। इस अवसर पर जौनपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष कपिल देव मौर्य ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हिमांशु नागपाल जी बड़े ही कम समय में जनपद के अन्दर खासे लोकप्रिय हो गये थे। कहा आपके जीवन में बहुत से ऐसे क्षण आयेंगे जहां दीन दुखी गरीब की सेवा का अवसर आये तो कभी भी पीछे मुड़कर न देखे बल्कि इनकी सेवा जरूर करे। स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है। अभी तो नौकरी की शुरूआत है जीवन में तमाम बार इसका सामना करना पड़ेगा आना जाना तो लगा रहेगा लेकिन काम और इमानदारी






की ऐसी छाप छोड़ते जाये कि आपको हटने के बाद भी लोग याद करते रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कपिल देव मौर्य ,महामंत्री शम्भुनाथ सिंह, राकेश कान्त पान्डेय, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अध्यक्ष आई बी सिंह, संरक्षक अजय पाल, हसनैन कमर दीपू, दीपक सिंह रिंकू, अजय सिंह, लक्ष्मी नरायन यादव के द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृतिचिन्ह एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। पत्रकार गण अजय प्रताप पाल, फूल चन्द यादव, बदलापुर अध्यक्ष केदारनाथ सिंह, अनिल शर्मा, मो अब्बास, दीपक श्रीवास्तव, अरूण कुमार श्रीवास्तव, विद्याधर राय, राजदेव यादव, अखिलेश अकेला, अजीत सिंह,सरस सिंह, संजय उपाध्याय, शाहगंज अध्यक्ष चन्दन जायसवाल, दीपक सिंह, सुजीत वर्मा, पंकज, आलोक सिंह, बबलू सिंह आदि बड़ी संख्या में पत्रकारों मुख्य अतिथि को माला पहना कर सम्मानित करते हुए विदायी दी है ।कार्यक्रम का संचालन तहसील केराकत के अध्यक्ष अब्दुल हक अंसारी ने किया।

## सपा राष्ट्रीय महासचिव के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड सपा पार्षद व अन्य कार्यकर्ता ने शुरु किया सदस्यता अभियान का शुभारम्भ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी ने रविवार से जिला व महानगर में अपनी सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर पर जहां एक ओर जनपद के प्रभारी निवर्तमान राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद ने पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर इस अभियान की शुरुआत करते हुए कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट जाने का आह्वान किया। वही इसी कड़ी में सपा राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद व पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय उर्फ पवन पांडेय के दिशा निर्देश पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के सपा पार्षद व अधिवक्ता जगत नारायण यादव के आवास पर इस अभियान में अनेक लोग इस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कियाइस पार्टी में शामिल हुए।इस मौके पर विजय नारायण यादव निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव यूथ विग्रेड समाज वादी पार्टी के अलावा अनेक सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।वही इसी कड़ी में पूर्व मंत्री व विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में जिस तरह से अराजकता का माहौल बनाया जा रहा है, इससे जनता में जबरदस्त आक्रोश है।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही भारतीय जनता पार्टी के कुशासन से निजात दिला सकती है, कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर अगर मेहनत की तो आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की केंद्र में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।उन्होंने कहा कि खाने के तेल के अलावा पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर जैसी बुनियादी चीजें आम आदमी से लगातार दूर होती चली जा रही है ऐसे में इस सरकार को केंद्र से हटाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र में समाजवादी पार्टी के समर्थन से जो सरकार बनेगी वह न सिर्फ महंगाई पर नियंत्रण करेगी बल्कि समाज में भी एकरसता बनाने में अपनी भूमिका अदा करेगी।इस मौके पर श्री प्रसाद ने कहा कि सदस्यता अभियान की आज पार्टी कार्यालय पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष गंगासिंह यादव, मनोज जायसवाल, छोटेलाल यादव सहित काफी लोगों ने सदस्यता लेकर शुरुआत किया, जिसमें बड़ी तादाद में लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान सपा जिलाध्यक्ष गंगासिंह यादव व संचालन निवर्तमान महासचिव बख्तियार खान ने किया।इस मौके पर सपा निवर्तमान जिला गंगासिंह यादव, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन, विधायक अभय सिंह, बीकापुर विधानसभा प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर



ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर जोर दिया। इसके साथ ही साथ साथ ही आने वाले निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी को जीत हासिल करने के लिए अभी से ही जनता के बीच में जाकर सपा सरकार में किए जन कल्याण कार्यो को जनता के बीच बताने पर जोर दिया। पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज समाजवादी पार्टी के सदस्यता अभियान में कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से अपने विचार रखने वालों में निवर्तमान महासचिव बख्तियार खान, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड सपा पार्षद व अधिवक्ता जगत नारायण यादव, विजय नारायण यादव निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव यूथ विग्रेड समाज वादी पार्टी, निवर्तमान महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री अमृत राजपाल, वरिष्ठ नेता छोटेलाल यादव, राम अचल यादव, मोहम्मद हलीम पप्पू, अवधेश यादव, पारसनाथ यादव, दान बहादुर सिंह, चौधरी बलराम यादव, राकेश यादव, रोली यादव, सरोज यादव, निशा खान, इंद्रपाल यादव, शैलेंद्र यादव, जय सिंह यादव, मोहम्मद शोएब, जुग्गी लाल यादव, डॉ0 अनुराग यादव, चौधरी शहरयार, अमित प्रसाद, राम सुंदर यादव, अपर्णा जायसवाल, अंसार अहमद बब्बन, जगन्नाथ यादव, पृथ्वीराज यादव, ईश्वरलाल वर्मा, गौरव पाण्डेय, मोहम्मद सोहेल, महेंद्र शुक्ला, राम भवन यादव, कुंवर बहादुर सिंह, राशिद जमील, स्वामीनाथ वर्मा, ओपी पासवान, जेपी यादव, डॉ0 घनश्याम यादव, बिंदेश्वरी यादव, जगन्नाथ यादव, ननकन यादव, रामदास यादव, दूधनाथ यादव, चंद्रभान यादव, शाहबाज लकी, आकिब खान, विशाल पाल, इश्तियाक खान, उमेश यादव, बाबू भाई, वकार अहमद, साहब लाल यादव, विनय मौर्य मोनू, मिर्जा साजिद हुसैन, अंजनी पाण्डेय, तरजीत गौड़, माखन लाल यादव, अरुण यादव, शशांक शुक्ला, रामचंद्र रावत, सन्टी तिवारी, अजीत पटेल, गया प्रसाद यादव, सुजीत यादव, रमेश यादव, दुर्गेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## राम वन–गमन मार्ग पर लगेगी रामायण कालीन वाटिका : सूत्र के मुताबिक तय की जा रही जगहे

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या मे अब रामायण कालीन वृक्षों से आच्छादित होगी. राम वन गमन मार्ग के साथ–साथ अयोध्या में आपको महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित राम चरित मानस में उल्लेख किए गए वृक्षों की पूरी श्रृंखला दिखाई देगी। इन वृक्षों में कितने वृक्ष अयोध्या में विकसित हो सकते हैं इस पर शोध भी शुरू हो गया है और वह स्थान भी चिन्हित कर लिए गए हैं, जहां–जहां इन वृक्षों को लगाया जाएगा। इसी के साथ बटरफ्लाई पार्क (तितलियों का स्थान) के साथ बंदरों के लिए अयोध्या में एक उद्यान विकसित किया जाएगा। यह एक ऐसा स्थान होगा जहां अलग–अलग ऋतु के अनुसार फल उत्पन्न होंगे. इसके अलावा ऐसे वृक्ष भी लगाए जाएगें कि जिनसे तितलियों की संख्या तेजी से बढ़ सके पर्यटकों के लिए जहां इस तरह की स्थान आकर्षण का केंद्र होंगे तो वही अयोध्या में पर्यावरण और बंदरों के लिए अच्छे दिन की सौगात होगी। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के चारों तरफ ग्रीन फील्ड होगी जिसमें नक्षत्र वाटिका के साथ रामायण कालीन वह वृक्ष होंगे। जिनका उल्लेख वाल्मीकि रामायण में भी मिलता है।इसी के साथ राम वन गमन मार्ग के साथ–साथ अयोध्या के अलग–अलग स्थानों पर रामायण कालीन वृक्षों की वाटिका दिखाई देगी। अशोक वाटिका, किष्किंधा वाटिका और पंचवटी वाटिका बनाई जा रही हैं। जिससे आने वाली भावी पीढ़ियों को उनके गौरवशाली अतीत से जोड़ा जा सके और वनों के संरक्षण के साथ प्राचीन और पौराणिक स्वरूप को पुनः स्थापित किया जा सके. इसके लिए रामायण कालीन वृक्षों उनकी प्रजातियों और वनों का अध्ययन करने के बाद शोध शुरू हो गया है। कई ऐसी प्रजातियां हैं जो कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित रह गई हैं, इसलिए इसको लेकर शोध हो रहा है कि उसमें से कितनी प्रजातियां अयोध्या की मिट्टी और वातावरण में विकसित हो पाएगी। इसके साथ अयोध्या में ऐसा उद्यान भी जल्दी ही अस्तित्व में आ जाएगा जिसमें हर मौसम में फल और फूल होंगे और यह अयोध्या के बंदरों और अलग–अलग तिथियों के लिए फूड पार्क की तरह होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी इस परियोजना से जुड़ी बारीकियों और महत्वपूर्ण पहलुओं को समझाया जा चुका है। क्षेत्रीय वन अधिकारी अयोध्या सीतांशु पांडे ने बताया कि रामायण कालीन वृक्षों पर भी हम काम कर रहे हैं। जैसे अशोक वाटिका, किष्किंधा वाटिका, पंचवटी वाटिका बनाई जा रही हैं, इसके लिए हम ब्राह्मण कालीन प्रजातियों पर रिसर्च कर रहे हैं. उस संशोधन के बाद जितने भी पेड़ आ रहे हैं चंपाका, मृत्यु जीवा ,सीता अशोक उसको हम जहां जहां से ला सकते हैं हम नर्सरी मंगा रहे हैं। उसके संबंध में जहां पर यह वाटिका बनाई जाएंगी गुप्तार घाट में वहां पर हम लोग उसको लगाएंगे। अयोध्या में गुप्तार घाट में राम की पैड़ी के पास हमने एक दो जगह चयन की है वहीं पर लगवाया जाएगा। अयोध्या डीएम नितीश कुमार ने बताया कि इसमें यह प्रयास किया जा रहा है की खास प्रजाति के वृक्ष लगाया जाएं।उसका साइकोलॉजिकल अध्ययन किया जाए और कहां पर कौन से वृक्ष लगाने हैं उसको लगाया जाए। बहुत सारे जगह चिन्हित किए हैं जैसे गुप्तार घाट का क्षेत्र है, संविदा झील का क्षेत्र है, 67 एकड़ का एरिया है। जो झील का विस्तार कर रहे हैं। बड़ा प्रोजेक्ट है इस तरह हम लोगों ने कुण्डों के संरक्षण का कार्य शुरू कर दिया है और जो काफी पुरानी झील है उसका भी विकास कर रहे हैं. इन सब के पास प्लांटेशन करेंगे प्लांटेशन का उद्देश्य होगा रामायण कालीन वृक्ष लगाए जाए। अयोध्या सांसद बताया कि रामायण कालीन पेड़ तो पूरे अयोध्या में लगेगी। 84 कोसी पर, 14 कोसी पर और पंचकोशी पर सभी धार्मिक, पौराणिक स्थलों पर पेड़ लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन इसको धार्मिक नगरी के रूप में विकसित करना है।

## हर घर तिरंगा की तैयारी को लेकर देवकाली मंडल में भाजपा की बैठक संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारतीय जनता पार्टी के द्वारा देवकाली मण्डल मे आगामी कार्यक्रम हर घर तिरंगा को लेकर एक आवश्यक बैठक हुई।इस मौके पर इस बैठक की अध्यक्षता कार्यक्रम प्रभारी आकाश सिंह ने किया। वही इसी कड़ी में जिसमें मुख्य अतिथि एवं मार्गदर्शक की भूमिका देवकाली मण्डल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी थे। इस बैठक मे यह निर्णय लिया गया की आगामी 10–08–2022 को देवकाली मण्डल के द्वारा तिरंगा यात्रा निकली जाएगी जो की गाँधी आश्रम नाका से शुरू होकर मकबरा , फतेहगंज , वजीरगंज , देवकाली तिराहा , गुलाबबाडी , रीडगंज चौराहा , चौक घंटाघर , अंगूरी बाग होते हुए नियावा चौराहा पर समाप्त होगी। बैठक मे प्रमुख रूप से मण्डल उपाध्यक्ष शशी सिंह , जिला उपाध्यक्ष गौरव सिंह , जिला कार्यालय प्रभारी आयुष पाण्डेय , कार्यक्रम संयोजक एवं मण्डल मंत्री शुभम श्रीवास्तव



, आई टी संयोजक कौशिक जिवानी , मण्डल उपाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय साहिल कुमार गुप्ता प्रशांत सिंह , मण्डल मंत्री शुभम कौशल शिवम मिश्रा हिमांशु श्रीवास्तव अश्वनी पुरम वार्ड नामित पार्षद रंजीत सोनकर ,योगेश कुमार साहू इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## शिवसेना के पदाधिकारी शपथ पत्र भेजकर शिवसेना को मजबूत करने का ले रहे हैं संकल्प

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)शिवसेना उत्तर प्रदेश के सभी पदाधिकारी उद्धव ठाकरे के समर्थन में शिवसेना को मजबूत करने का संकल्प लेते हुए शपथ भेज रहे हैं। इस मौके पर शिवसेना के प्रदेश सचिव संतराम ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आदेशानुसार प्रदेश,जिला,ब्लाक,तहसील,ग्राम सभा,वार्ड तक के सभी पदाधिकारी शपथ पत्र भेज रहे हैं।श्री यादव ने आगे कहा कि शिवसैनिक शिवसेना के प्रति समर्पित एवं वफादार हैं।आगामी निकाय चुनाव सहित लोकसभा चुनाव की तैयारियों में शिवसैनिक अभी से जुड़ चुके हैं। चुनाव मैदान में शिवसेना मजबूती के साथ अच्छा प्रदर्शन करेगी।उद्धव ठाकरे राष्ट्रीय प्रमुख शिवसेना के जन्मदिन पर विशेष रूप से शिवसेना ने विशेष सदस्यता अभियान तेज कर दिया है।रुदौली में भी शिवसेना का विशेष सदस्यता अभियान शुरू हो चुका है जो भविष्य मे भी जारी रहेगा।

## नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सदस्यों का जिला पंचायत अध्यक्ष ने समारोह आयोजित कर किया सम्मान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला पंचायत अयोध्या के अटल बिहारी बाजपेई सभागार में फैजाबाद अयोध्या बार एसोशियेशन के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान एवम अभिनंदन समारोह अध्यक्ष जिलापंचायत अयोध्या रोली सिंह के सौजन्य से आलोक कुमार सिंह रोहित की अध्यक्षता में विधायक रुदौली रामचंद्र यादव द्वारा जिला पंचायत परिवार के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में सभी पदाधिकारी गणों अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र,उपाध्यक्ष महेंद्र दुबे,कोषाध्यक्ष श्री विकास श्रीवास्तव,महामंत्री सूर्य नारायण सिंह के साथ संयुक्त मंत्री एवं कार्यकारिणी के उपस्थित सदस्य सलाउद्दीन, आशीष तिवारी को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह भेट के साथ अभिनंदन आलोक कुमार सिंह रोहित एवम विधायक रामचंद्र यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उद्बोधन में बार एसोशियेशन के अध्यक्ष ने उन्हे प्राप्त जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने संकल्प लेते हुए अपनी बात रखी। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आलोक कुमार सिंह रोहित ने सभी पदाधिकारीगणों स्वागत करते हुए उनके बताएं सुझावों और बहुमूल्य सुझावों का सदा अनुसरण करने की बात कही।इस मौके पर विधायक रुदौली द्वारा समापन भाषण में सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए बार एसोशिएसन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की शुभकामनाएं सम्पूर्ण जिला पंचायत परिवार की ओर से व्यक्त की।कार्यक्रम में जिला पंचायत अयोध्या के सदस्यगण बलराम यादव, रिजवान, रामनेवल आदि उपस्थित रहे।

## जिसका 20 साल पहले जारी हुआ मृत प्रमाण पत्र अब वह निकला जिंदा : बीकापुर के भदार खुर्द गांव का मामला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिसे 20 साल पहले मृतक दिखाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया था,वह अब खुद को जिंदा साबित करने और अपनी जमीन बचाने के लिए अधिकारियों का चक्कर लगा रहा है। सूत्र के मुताबिक यह मामला जिले के तहसील बीकापुर अंतर्गत विकासखंड तारुन के भदार खुर्द ग्राम पंचायत का है। मालूम हो कि ग्राम पंचायत भदार खुर्द निवासी महावीर पुत्र रामफल ने उपजिलाधिकारी बीकापुर के समक्ष पेश होकर खुद के जीवित होने की गुहार लगाई है। बुजुर्ग महावीर ने आरोप लगाया है कि करीब 20 वर्ष पूर्व गांव के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा उसे कागज में मृतक दिखाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। 20 साल के बाद अब मृत्यु प्रमाण पत्र का सहारा लेकर चुपके से अमल दरामद के लिए ऑनलाइन आवेदन भी हो गया है। मामले का खुलासा होने के बाद राजस्व लेखपाल द्वारा ऑनलाइन आवेदन को निरस्त कर दिया गया है। इस संबंध में पीड़ित महावीर ने यह भी बताया कि उसकी भूमि गाटा संख्या 1093 स्थित भूमि ग्राम भादर खुर्द बुजुर्ग पर षड्यंत्र के तहत कुछ विपक्षियों द्वारा छल कपट करके हथियाने का षड्यंत्र रचा जा रहा।

## दुकान का शटर तोडकर अवैध कब्जा करने का प्रयास पडा उल्टा : आरोपी के ऊपर मुकदमा दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) फैजाबाद से रायबरेली रोड पर बारुन बाजार में बैनामे की जमीन पर बनाई गई दुकान पर अवैध कब्जा करना अवैध कब्जेदारों को भारी पड गया।सूत्र के मुताबिक न्यायालय के आदेश पर साहब लाल जायसवाल उनकी पत्नी मीना और पुत्र अंकित पर गंभीर धाराओं में इनायत नगर पुलिस ने 30 जुलाई को मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।इनायतनगर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी पीडित अनूप जायसवाल ने दी गई तहरीर में कहा है कि 27 जून को सुबह 7 बजे साहब लाल जयसवाल उनकी पत्नी मीना जायसवाल तथा उनका पुत्र अंकित जायसवाल गोल बंद होकर आये और दुकान पर ताला तोड़कर बोर्ड हटाना शुरू कर दिया उस समय प्रार्थी अपने घर पर था सूचना पाने के बाद जब वह वहां पहुंचा तो प उक्त लोग आमादा फौजदारी हो गए और गाली गलौज करने लगे इसी बीच साहबलाल जायसवाल ने अपने लाइसेंसी पिस्टल के वट से अनूप जायसवाल के सिर पर प्रहार किया जो उसके आंख पर लग गया और उसे गंभीर चोटें आई जबकि साहबलाल जयसवाल की पत्नी मीना जयसवाल ने प्रार्थी को छेड़छाड़ जैसे गंभीर अपराधों में फंसा कर उसका जीवन बर्बाद करने की धमकी दी भीड़ जमा हो जाने के बाद उपरोक्त लोग वहां से चले गए जिसके बाद प्रार्थी ने स्थानीय थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई और अपना मेडिकल भी कराया लेकिन स्थानीय पुलिस ने मामले में कुछ भी नहीं किया उपरोक्त प्रकरण में अपर सिविल जज द्वितीय अयोध्या के न्यायालय में प्रार्थना पत्र देने के बाद इनायत नगर पुलिस ने मामले में 30 जुलाई को साहब लाल जयसवाल उनकी पत्नी मीना जयसवाल तथा पुत्र अंकित जयसवाल पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है।उपरोक्त प्रकरण में सिविल जज सीनियर डिविजन द्वितीय के यहां एक वाद पहले से चल रहा है।इसमें दुकान पर अनूप जायसवाल के कब्जे व दखल को सही मानते हुए उनके हक मे आदेश जारी किया गया था, उसके बावजूद साहब लाल जायसवाल व उनके परिजन जबरन कब्जे में दखल करने का प्रयास करते रहे हैं और इसी के क्रम में इन लोगों ने अवैध कब्जे का प्रयास किया और घटना मारपीट में बदल गई। उपरोक्त प्रकरण फैजाबाद से रायबरेली रोड पर स्थित बारून बाजार में बनी दुकानों से संबंधित है जहां कब्जे दारी के विवाद में पहले भी मारपीट की घटना होती आई है एक पक्ष जहां बैनामेदार की हैसियत से दुकानों पर कब्जा जमाए हुए हैं वही दूसरा पक्ष न्यायालय में मुकदमों के आधार पर कब्जा करने की योजना बना रहा है इसके पहले भी इनायत नगर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों का शांति भंग की आशंका में चालान किया जा चुका है।

## बदहाल सड़कें विकास के दावों की खोल रही है पोल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के मवई ब्लॉक की बदहाल सड़कें विकास के दावों की पोल खोल रही है।राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है सड़कों की हालत इस कदर जर्जर हो चुकी है कि समझना मुश्किल है कि सड़क मैं गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क। जगह–जगह बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं। मवई ब्लॉक संडवा से रजनपुर व लुखनीपुर से बरौली व रानेपुर नहर से नरौली व नेवरा से कोटवा तक सड़क इतनी ज्यादा जजर्र हो चुकी है कि आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे।जिसकी एक बानगी करीब डेढ़ किलोमीटर संडवा से रजनपुर सम्पर्क मार्ग की है।इस सड़क पर इतने बड़े बड़े गडढे हो गए हैं कि बारिश के पानी से भर जाता है और राहगीर समझ नही पाते हैं और सड़क समझ कर गाड़ी व पैदल निकलते समय दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।कई बार इस समस्या के सम्बंध में सम्बन्धित विभाग को अवगत भी कराया गया लेकिन इस विकट समस्या पर किसी ने तव्वजो नही दी जबकि गन्ना पेराई सत्र के समय आसपास के कई गांव की सेकड़ो ट्राली गन्ना इसी रास्ते से होकर मील जाता है अगर शीघ्र इस समस्या को गम्भीरता से नही लिया गया तो किसानों को अपना गन्ना ले जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।रजनपुर गांव के वेदप्रकाश बताते हैं कि इस सड़क पर गाड़ी से चलना तो दूर की बात पैदल चलने पर आए दिन गिरकर चोटहिल हो रहे वही रजनपुर गांव के निवासी मनीराम रावत कहते है इस सड़क पर इतने बड़े बड़े गढ़े है कि चलना बहुत कठिन सफर है।अशोक कुमार गुप्ता कहते कि सरकार सड़को के विकास की लिए बड़ी बड़ी बात करती है लेकिन सड़को की हालत बहुत दयनीय है।जनता रुदौली विधायक की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है कि अगर विधायक जी की जानकारी में इस समस्या आय जाय तो वह जल्द ही इस गंभीर समस्या को लेकर सम्बन्धित विभाग को निर्देशित करेंगे और इस सड़क को पुनः नए सिरे से निर्माण कराएंगे।

## 7 अगस्त को होगा वैश्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन में वैश्य समाज के विगत 3 वर्षों में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले वैश्य बंधुओं के साथ–साथ हाईस्कूल व इंटर परीक्षाओं में यूपी बोर्ड में 75 प्रतिशत तथा सी बी एस सी बोर्ड में 85 प्रतिशत या इससे अधिक अंक पाने वाले छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। वैश्य समाज अयोध्या के मीडिया प्रभारी अवधेश अग्रहरि ने बताया कि अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की तैयारी को लेकर विगत दिवस नाका स्थित एक गेस्ट हाउस में बैठक की गई जिसमें वैश्य समाज से जुड़ी समस्या पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 7 अगस्त को होने जा रहे अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन में वैश्य प्रतिभा सम्मान समारोह 2022 का भी आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि वैश्य समाज के जो बच्चे हाई स्कूल इंटर परीक्षाओं में यूपी बोर्ड में 75 प्रतिशत व सीबीएसई बोर्ड में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है उन छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा । समाज के संरक्षक भगीरथ पचेरीवाला की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि समाज के उन वैश्य बंधुओं को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने विगत 3 वर्षों में कोई विशिष्ट उपलब्धि हासिल किया है। सम्मान समारोह में प्रतिभाग करने के लिए एक व्हाट्सएप नंबर 94151 11400 भी जारी किया गया है जिस पर अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**अयोध्या राम नगरी में बसने का सुनहरा मौका लेकर आए हैं अक्षत ग्रुप(Rex city) इंफ्रा डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड–विनय वर्मा**

## अयोध्या राम नगरी दिखेगी त्रेता युग की नगरी

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या राम नगरी में जहां परसोत्तम भगवान राम ने जन्म लिया था जो पूरे विश्व में विख्यात है, जहां पर दूर–दूर देश के लोग दर्शन करने आते हैं। जिसका विकास




यूपी की बीजेपी सरकार ने विशेष ध्यान दिया है यहां पर कई पर्यटक स्थल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन, अयोध्या बस स्टेशन कई फाइव स्टार होटल अनेकों प्रोजेक्ट शामिल है जिस पर बीजेपी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। अयोध्या राम नगरी को त्रेता युग की नगरी बनाने का कार्य किया जा रहा है ।वही राम नगरी में लोगों के बसने के लिए अक्षत ग्रुप इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर विनय वर्मा ने लोगों के रहने और विकास के लिए कमर्शियल तथा आवासीय प्लाट लेने के लिए अयोध्या में सस्ते प्लाट देने का कार्य कर रहे हैं। जिनके साथ कई लोग विश्वास के साथ जुड़े हैं इस कंपनी का कहना है साथ आपका विश्वास हमारा। जिसकी ऑफिस अयोध्या राम नगरी में एनएच 28 मोहवरा बाईपास पेट्रोल पंप के सामने असर भवन में है जहां आप संपर्क कर इस सुनहरे मौके का लाभ उठा सकते हैं।

## कांवरिया भक्तों के लिए विराट भंडारे का हुआ आयोजन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के कुर्की चौराहा मड़ना पूरा बाजार में विशाल भगवान भोलेनाथ के भक्त कांवरियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।इस दौरान इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा समाजसेवी सुरेश यादव ने कहा कि सावन का महीना बहुत ही पवित्र होता है।यह भगवान भोलेनाथ का महीना होता है।इस दौरान भगवान शिव की आराधना पूजा करने से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। जिसके चलते इस जिले में कई जनपद के लाखों भक्त अयोध्या पहुंचते हैं। जहां सरयू में स्नान करते हैं और यहां का जल लेकर अपने गृह जनपद के शिवालयों में जाकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन करते हैं।जिससे उनके मनोरथ पूर्ण होते हैं। इन भक्तों के लिए आज यहां पर विराट भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 51 हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहणकर अपना जीवन धन्य किए। इस दौरान कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेश यादव का भीम यादव ने माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किए। आयोजक भीम यादव ने बताया कि यहां पर गत 8 वर्षों से भगवान भोलेनाथ के भक्तों हेतु भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी शुभचिंतकों मित्रों का बहुत ही योगदान रहता है। इस भंडारे में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता जंग बहादुर उपाध्याय, अर्जुन यादव, भीम यादव ,मोहित यादव, नेता ललित यादव, अनिल यादव व सुनील यादव सहित अन्य का बहुत ही योगदान रहा एवम सभी मौजूद रहे।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर रोजगार सेवक हुए लामबंद

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) जिले में ग्राम रोजगार सेवक संघ के लोगों ने ब्लाक मुख्यालय पर आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार को ब्लाक सभागार मवई में आवाज बुलंद की। इस मौके पर संघ के महामंत्री धर्मेंद्र गुप्ता ने कहा कि रोजगार साथियो के साथ जो उत्पीड़न हो रहा है उसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।संघ के ब्लाक अध्यक्ष जुनेद अहमद ने कहा कि ग्राम रोजगार सेवकों को कार्यस्थल पर बोर्ड लगवाने की बात कही जाती है।रोजगार सेवक के हाथ मे कोई मद नही होता है।आखिर कैसे बोर्ड लगाए।उन्होंने बताया कि रोजगार सेवक को मनरेगा की सम्पूर्ण दायित्व का जिम्मेदार माना जाता है।जबकि रोजगार सेवक की बगैर जानकारी के ब्लाक पर फाइल फीड करा दी जाती है।जिससे समय से जियो टैग नही हो पाता है।जिसके लिए कार्रवाई की धमकी रोजगार सेवकों को दी जाती है।उन्होंने मांग किया है कि मनरेगा कार्य शुरू होने से अंत तक ग्राम प्रधान,पंचायत सचिव,रोजगार सेवक सभी का उत्तरदायित्व होना चाहिए।महामंत्री धर्मेंद्र गुप्ता ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत मस्टररोल ग्राम रोजगार सेवकों को न देने से पंचायत स्तर पर रखे अभिलेख अपूर्ण रहते हैं।जबकि इसकी जिम्मेदारी उन्हीं पर डाली जाती है।इस मौके पर रोजगार सेवक वेदप्रकाश सोनी,सुनील रावत,देवेंद्र यादव,भोला प्रसाद,साहब दीन,प्रेमचंद,अजय कुमार,अजय मिश्र,राजेश यादव,बृजमोहन,आशीष कुमार,अरबिंद यादव,आशुतोष सिंह,आशाराम पाल,धर्मशंकर चौरसिया आदि मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

RNI संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।